तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 9 अगस्त 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

16 हर घर तिरंगा और हर दुकान तिरंगा अभियान ...

17 सरस्वती शिशुमंदिर कोयलीबेड़ा की नई शाला...

Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

डेढ़ साल से सोलर स्ट्रीट लाइट बंद, अंधेरे में भूरसापारा तरहुल

दुर्गूकोंदल। ग्राम भूरसापारा तरहुल में पिछले करीब डेढ़ साल से सोलर स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को इसकी जानकारी देने

के बावजूद अब तक लाइट की मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार शाम होते ही गांव का अधिकांश हिस्सा अंधेरे में डूब जाता है। रात के समय आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के मौसम में समस्या और गंभीर हो गई है। अंधेरे के कारण सांप, बिच्छू सहित जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को रात में घर से बाहर निकलने में डर लगता है। ग्रामीण रामचंद्र कोसमा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों को रोशन करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, लेकिन रखरखाव के अभाव में यह व्यवस्था अब बेकार साबित हो रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

ट्रांसफार्मर बने कचरा डंपिंग जोन, खतरे में बिजली कर्मियों की सुरक्षा

ट्रांसफार्मर के नीचे कचरा डंपिंग बिजली अमले की बढ़ीं मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बिजली सप्लाई में जरा सी खराबी आते ही शहरवासियों की नजर सीएसईबी के अमले पर टिक जाती है, लेकिन जिन ट्रांसफार्मरों के आसपास कचरे का अंबार लगाकर लोग खुद परेशानी खड़ी कर रहे हैं, वहां फाल्ट सुधारने पहुंचने वाले कर्मचारियों की मुश्किलों पर शायद ही किसी का ध्यान जाता है। ट्रांसफार्मर के नीचे और आसपास खाली जगह को कचरा फेंकने का आसान ठिकाना बना देने से न केवल सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि बिजली कर्मचारियों के लिए सुरक्षित तरीके से काम करना भी चुनौती बन रहा है।

- प्लास्टिक, पॉलीथिन और घरेलू कचरे का लगा रहता है ढेर

कार्रवाई करने की है जरूरत

नगरपालिका अमले की ओर से भी कई बार लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने की हिदायत दी जा चुकी है। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी करते हुए ट्रांसफार्मरों के नीचे कचरा डाल रहे हैं। इससे सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के साथ शहर का स्वरूप भी खराब हो रहा है। नगरपालिका के अमले का कहना है कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

कांकेर शहर में बिजली गुल होते ही शहरवासियों को सबसे पहले फाल्ट ठीक होने की चिंता सताने लगती है, लेकिन जिस फाल्ट को सुधारने के लिए सीएसईबी का अमला मौके पर पहुंचता है, वहां कई बार उसे बिजली की खराबी से ज्यादा कचरे के ढेर से जूझना पड़ता है। शहर में जगह-जगह ट्रांसफार्मरों के नीचे और ट्रांसफार्मर के आसपास खाली स्थानों पर लोग लगातार कचरा फेंक रहे हैं। देखते ही देखते ये स्थान कचरा डंपिंग जोन में तब्दील होते जा रहे हैं। इससे एक ओर शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर फाल्ट आने पर बिजली कर्मचारियों के लिए काम करना मुश्किल हो जाता है। ट्रांसफार्मर के आसपास फेंके गए कचरे में प्लास्टिक, पॉलीथिन, घरेलू कचरा और अन्य अनुपयोगी सामग्री जमा रहती है।

देशी शराब जब्त, कोचिया गिरफतार

कांकेर। कोरर पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कोरर थाना क्षेत्र के कांटागांव में की गई। पुलिस के अनुसार कटगांव निवासी कोचिया 35 वर्षीय मोतीराम कुंजाम पिता स्व. सागराम कुंजाम के घर की बाड़ी में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 6 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

नेशनल कम्प्यूटर, कांकेर
- 25 वर्षों से संचालित विश्वसनीय संस्था।
- सभी शासकीय नौकरी हेतु मान्य सर्टिफिकेट।
- विगत 25 वर्षों में उत्तीर्ण 6500 विद्यार्थियों में से 1200 विद्यार्थी शासकीय नौकरी में कार्यरत।

विश्वविद्यालयीन कोर्स
INFORMATION TECHNOLOGY: DCA/PGDCA/ BCA/M.Sc. [IT]
COMMERCE: M.Com. B.Com.
ADMISSION OPEN
SCIENCE: B.Sc. M.Sc.
MANAGEMENT: MBA (Marketing, Finance, HR) BBA/ PGDRD
ARTS: BA/MA/ B.LIB/M.LIB/ PGDRD/MSW
पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
63, उदय नगर, सांई मंदिर रोड, कांकेर
मो.- 7999062022, 9425261817

मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. अरूण साव
मा. केदार कश्यप
मा. किरण देव
मा. भोजराम नाग
मा. विक्रम उसेंडी
मा. किरण नरेटी
मा. सतीश लाटिया
टेकेश्वर जैन
तारा ठाकुर
दिलीप जायसवाल
हीरा मरकाम
संजू गोपाल साहू
जीवन नेताम
यशवंत सुरोजिया
राजा पाण्डेय
जितेन्द्र मरकाम
महेश जैन
कांकेर विधानसभा के लोकप्रिय
विधायक आदरणीय श्री
आशाराम नेताम जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
09 अगस्त
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
टेकेश्वर सिन्हा
विनीत : सरोना मंडल भाजपा जिला कांकेर

09 अगस्त
कांकेर विधानसभा क्षेत्र के
लोकप्रिय विधायक
माननीय
श्री आशाराम
नेताम जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाये
मा. आशाराम नेताम जी
विधायक-कांकेर विधानसभा क्षेत्र
विनीत : जनपद पंचायत कांकेर की समस्त पंचायत

अंतागढ़ चलो
अंतागढ़ चलो
एक तीर एक कमान, सर्व आदिवासी एक सामान
संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा घोषित
विश्व मुलनिवासी दिवस
हार्दिक बधाई एवं सादर सेवा जोहार
-: कार्यक्रम :-
09 अगस्त 2026 रविवार
समय प्रात: 10 बजे से
स्थान : उन्मुक्त खेल मैदान अंतागढ़
तिरू. ठाकुर राम कश्यप
उपाध्यक्ष – जनपद पंचायत चारामा
मान. जनकनंदन कश्यप
तिरू. विजय ठाकुर
संरक्षक
तिरू. गौतम कुंजाम
तिरू. रोहित नेताम
ब्लॉक प्रवक्ता
तिरू. श्रवण दर्रो
परगना मांझी
तिरू. हिरा सिंह कोला
ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष
तिरू. चन्द्रशेखर कोमरा
ब्लॉक कार्यकारी सचिव
तिरू. महेन्द्र गावड़े
सदस्य
श्री नम्मू नेताम
श्री रैनसिंह कांगे
श्री देवराम ठाकुर
जयप्रकाश गावड़े
सरपंच ग्रा.पं.ओंडरी
क्षेत्रिय मुड़ाक्षेत्र (सर्कल) मुड़ादार (अध्यक्ष)
ब्लॉक युवा प्रभाग
तिरू. बीनू सिंह कांगे
मुड़ाक्षेत्र – परसोदा
तिरू. हरीसिंह नेताम
मुड़ाक्षेत्र – खरथा
तिरू. गंगा राम जुर्री
मुड़ाक्षेत्र – अरौद
तिरू. देवप्रसाद जुर्री
मुड़ाक्षेत्र – हाराडुला
तिरू. राममनोहर दर्रो
मुड़ाक्षेत्र – करावाही
तिरू. सुरेन्द्र जुर्री
मुड़ाक्षेत्र – चारामा
तिरू. रविशंकर नेताम
मुड़ाक्षेत्र – पुरी
तिरू. तिहारू दर्रो
मुड़ाक्षेत्र – लखनपुरी
तिरू. श्रीराम तेता
मुड़ाक्षेत्र – बढ़ेगौरी
तिरू. गजेन्द्र कुंजाम
मुड़ाक्षेत्र – हल्बा
तिरू. अश्वन कुंजाम
ब्लॉक अध्यक्ष
तिरू. देवेन्द्र दर्रो
ब्लॉक सचिव
विनीत : सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक, चारामा

मा. श्री बसंत यादव जी
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, कांकेर
को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
09
अगस्त
मा. उदय प्रकाश शर्मा (बंटी)
महामंत्री (प्रसासन) जिला कांग्रेस कमेटी
मा. राजू दुबे
अध्यक्ष युवा कांग्रेस
मा. बसंत यादव जी
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, कांकेर
ठाकुर राम कश्यप
अब्दुल गफ्फार मेमन
सरदार अजय रेनु सिंह
यासीन करणी
लोमेन्द्र यादव
विजय यादव

प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2026-27
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.SC (CS/IT)
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

रात को भालू की आमद से मरकाटोला में दहशत, वन अमला तलाश में मुस्तैद

दो ग्रामीणों की मौत के बाद भी नर भालू को आसपास देखा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मरकाटोला में भालू हमले से दो ग्रामीणों की मौत के बाद वन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। ग्रामीणों द्वारा गांव के आसपास नर भालू के भटकने की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम ने दिनभर जंगल और आसपास के इलाकों में भ्रमण कर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। वहीं, रात होते ही टीम ने गांव में डेरा डाल दिया और पूरी रात निगरानी करती रही। हालांकि, सुबह करीब साढ़े तीन बजे तक वन अमले को भालू कहीं नजर नहीं आया।

भालू के हमले में दो ग्रामीणों की मौत के बाद मरकाटोला और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने गांव के आसपास नर भालू के लगातार भटकने की शिकायत वन विभाग से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी शुरू कर दी है। दिन में जहां वन विभाग की टीम ने जंगल और गांव से लगे इलाकों में भ्रमण कर भालू की तलाश की, वहीं रात होते ही टीम ने गांव में डेरा डालकर रातभर निगरानी की। इसके बावजूद सुबह करीब साढ़े तीन बजे तक भालू वन अमले की नजर में नहीं आया। दो ग्रामीणों की मौत की घटना के बाद वन विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्र में भटक रहे भालू की गतिविधियों पर नजर रखना और ग्रामीणों को सुरक्षित रखना है। ग्रामीणों के अनुसार, हमले की घटना के बाद क्षेत्र में नर भालू के देखे जाने की आशंका जताई जा रही थी।

ग्रामीणों का भय नहीं हुआ खत्म

वन विभाग की टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण और रात्रि गश्त किए जाने से ग्रामीणों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन दो ग्रामीणों की मौत की घटना के बाद लोगों में भय का माहौल पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक भालू की मौजूदगी स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक क्षेत्र में वन विभाग की निगरानी लगातार जारी रखी जाए।

खबर संक्षेप

नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

कांकेर। जिले के कोण्डागांव स्थित फरसगांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी भूमिका मरकाम द्वारा अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की दुखद घटना सामने आई है। मृतिका को इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर लाया गया था और चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। कांकेर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मामला कोण्डागांव जिले का होने के चलते मर्ग डायरी कोण्डागांव भेजी जाएगी।

युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

कांकेर। जिले के व्यासकोंगेरा गांव में एक 21 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान व्यासकोंगेरा निवासी 21 वर्षीय बीनू उसेंडी पिता जगदीश उसेंडी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक का शव गांव के ही ईश्वर उसेंडी के खेत में स्थित आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की आज बैठक होगी

दुर्गूकोंदल। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज दुर्गूकोंदल ब्लॉक की बैठक आज 10 अगस्त रविवार को दोपहर 12 बजे मंडी परिसर दुर्गूकोंदल में आयोजित की जाएगी। बैठक में सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक एकता एवं आपसी समन्वय बढ़ाने तथा आगामी समाजहित के कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी और साथ ही भविष्य की सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने एवं पदाधिकारियों से सुझाव लेने पर भी विचार-विमर्श होगा।

विधायक नेताम के जन्मदिन पर आज होंगा समारोह

कांकेर। विधानसभा क्षेत्र कांकेर के विधायक आशाराम नेताम के जन्मदिन के अवसर पर आज 9 अगस्त रविवार को समारोह का आयोजन होगा।

कार्यक्रम का आयोजन बेवरती स्थित अंगना विधायक कार्यालय में शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। आयोजन को लेकर समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। समारोह में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों के शामिल होने की उम्मीद है।

अभियान : कांकेर जिले में व्यापारियों के साथ चलेगा राष्ट्रभक्ति का अभियान

हर घर तिरंगा और हर दुकान तिरंगा अभियान के लिए कैट ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- व्यापारी समाज लेगा राष्ट्र प्रथम' का संकल्प

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने हर घर तिरंगा, हर दुकान तिरंगा अभियान की शुरुआत कर दी है। जिले में कैट से जुड़े व्यापारी इस अभियान को व्यापक रूप देने की तैयारी में जुट गए हैं। अभियान के तहत घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में सम्मान एवं गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए नागरिकों और व्यापारियों को प्रेरित किया जाएगा।

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर परवानी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह देव एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन के मार्गदर्शन में कांकेर जिले में इस अभियान की शुरुआत की गई है। कैट का उद्देश्य अभियान के माध्यम से व्यापारिक समाज को राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ना और स्वतंत्रता दिवस के पर्व को अधिक गौरवपूर्ण बनाना है। कैट पदाधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों के साथ-साथ दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में पूरे सम्मान एवं गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। उनका कहना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी से हर घर तिरंगा, हर दुकान तिरंगा अभियान पूरे छत्तीसगढ़ के साथ कांकेर जिले में भी अभूतपूर्व सफलता हासिल कर सकता है। अभियान को लेकर कैट पदाधिकारियों ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और त्याग का प्रतीक है। व्यापारियों की भागीदारी से बाजारों और व्यापारिक क्षेत्रों में भी राष्ट्रभक्ति का वातावरण निर्मित होगा। कैट द्वारा जिले के अधिक से अधिक व्यापारियों और नागरिकों को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। अभियान की शुरुआत के दौरान कैट के प्रदेश सलाहकार हाजी वली मोहम्मद, प्रदेश सलाहकार दिलीप खटवानी, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, कैट सदस्य अशोक राठी, प्रदीप जायसवाल, नीरज गोलछा, राजेश पिल्लई, तरुण राय एवं पुरुषोत्तम पाटिल उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापारियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।

तालाब में डूबने से चार साल के मासूम हिमांशु की मौत, कोदापाखा में मातम

घर के आंगन में खेलते-खेलते पहुंच गया जलस्रोत तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

घर के आंगन में कुछ देर पहले तक मासूम हिमांशु ध्रुव की किलकारियां गूंज रही थीं। परिवार अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त था और किसी को अंदाजा भी नहीं था कि अगले कुछ पल इस परिवार की जिंदगी का सबसे दर्दनाक अध्याय लिखने वाले हैं। खेलते-खेलते चार वर्षीय हिमांशु घर के पास स्थित तालाब तक पहुंच गया। जब तक परिजनों को इसकी जानकारी हुई, तब तक मासूम तालाब के पानी में डूब चुका था। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। इस हृदयविदारक हादसे के बाद कोदापाखा गांव में मातम पसरा हुआ है। शनिवार का दिन ध्रुव परिवार के लिए जिंदगी भर का गम दे गया। चार वर्षीय हिमांशु ध्रुव घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान वह कब घर के समीप स्थित तालाब तक पहुंच गया, किसी को पता नहीं चला। कुछ समय बाद जब उसके तालाब में डूबने की खबर परिजनों तक पहुंची तो परिवार में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण भी तत्काल मौके पर पहुंचे और मासूम को पानी से बाहर निकालने का प्रयास किया। ग्रामीणों की मदद से हिमांशु को तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मासूम की सांसें थम चुकी थीं। घटना की खबर गांव में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में कुछ समय पहले तक बच्चे की चंचलता और किलकारियां सुनाई दे रही थीं, वहां अचानक चीख-पुकार और सिसकियां गूंजने लगीं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पूर्व जनपद अध्यक्ष के बेटे की मौत से हर कोई स्तब्ध

मृतक हिमांशु ध्रुव पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू ध्रुव एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आयुनू ध्रुव का पुत्र था। मासूम की असमय मौत की खबर मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। महज चार वर्ष की उम्र में बच्चे की दर्दनाक मृत्यु ने हर किसी को भीतर तक झकझोर दिया। परिजनों के लिए यह हादसा किसी वज्रपात से कम नहीं है। मासूम की मौत के बाद परिवार के लोगों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध हैं और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

किलेपार में किसान के घर से 84 हजार के जेवरों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

घर के लोग रोजाना की तरह खेत में काम करने गए और पीछे घर में मौजूद अस्वस्थ पति को छोड़कर चले गए। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर की आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता तब चला, जब महिला ने आलमारी खोली और जेवर गायब मिले। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 84 हजार रुपए बताई गई है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम किलेपार निवासी 39 वर्षीय मधु बाई मंडावी पति महेन्द्र मंडावी ने चौकी हल्बा में चोरी की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि वह अपने ससुर फुलसिंह मंडावी के साथ प्रतिदिन सुबह करीब 9 बजे खेत में काम करने के लिए घर से निकलती हैं और शाम करीब 4 बजे वापस लौटती हैं। उनके पति मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण घर पर ही रहते हैं। महिला के अनुसार घर में रखी लोहे की आलमारी के मुख्य दरवाजे और लॉकर में लॉक नहीं लगा था। इसी आलमारी में परिवार के सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे। उन्होंने 28 जुलाई को जेवर आलमारी में रखे हुए देखे थे। इसके बाद 3 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे जब आलमारी देखी तो उसमें रखे जेवर गायब मिले। चोरी गए सामान में करीब 12 ग्राम वजनी सोने के झुमके चैन सहित एक जोड़ी, करीब 7 ग्राम का सोने का मंगलसूत्र, बच्चों की चांदी की चार जोड़ी पायल करीब 40 ग्राम, बड़ी चांदी की दो जोड़ी पायल करीब 420 ग्राम, करीब 10 ग्राम की चांदी की बिछिया और करीब 30 ग्राम का बच्चों का चांदी का करधन शामिल है। चोरी गए सोने-चांदी के आभूषणों की कुल अनुमानित कीमत 84 हजार रुपए बताई गई है। जेवर गायब मिलने के बाद महिला ने चौकी हल्बा पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी और अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि हल्बा चौकी में जीरो में बीएनएस की धारा 305, 331 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए डायरी को थाना नरहरपुर भेजा गया। थाना नरहरपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अब चोरी की घटना के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही संभावित संदिग्धों की जानकारी जुटा रही है।

यादव समाज ने शहीद रामकुमार की स्मृति में किया सम्मान समारोह

कांकेर। शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लट्टीपारा कांकेर में जिला यादव समाज के तत्वाधान में प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा ने शहीद रामकुमार यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि छात्राएं दूसरों से नहीं, बल्कि अपनी कमियों से प्रतिस्पर्धा करें। उन्होंने पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं शहीद रामकुमार यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष रमशिला साहू व प्राचार्य जय श्री शुक्ला ने स्वागत भाषण दिया, वहीं गिरधर यादव ने सम्मान समारोह के उद्देश्य एवं समाज की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी।

विश्व आदिवासी दिवस आज सुरक्षा के लिए पुलिस चौकस

अंतागढ़। 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अंतागढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस विभाग ने नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारी एवं जवान शामिल हुए। पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण का भरोसा दिलाया। जवानों की मौजूदगी से नगर में सुरक्षा का माहौल नजर आया। विश्व आदिवासी दिवस पर अंतागढ़ में प्रस्तावित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च के दौरान जवानों को सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस की सक्रियता से आयोजन में शामिल होने वाले लोगों के बीच भी सुरक्षा को लेकर विश्वास का माहौल बना है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी | किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज | प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज | यौन संबंधी समस्याएं | महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, जसलपुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाबेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202607140100044/ अ-21 (2)/2025-26
ग्राम- भानुप्रतापपुर, प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदक सुखविन्दर सिंह धुन्ने पिता स्व. महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वार्ड क्रमांक 13 नगर पंचायत भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर के द्वारा भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 38/9 रकबा 0.0120 हेक्टर परिवर्तित लगान 495.00 रूपये की भूमि को अपने सगे पुत्र राहुल धुन्ने पिता सुखविन्दर धुन्ने निवासी नयापारा भानुप्रतापपुर वार्ड नंबर 13 नगर पंचायत भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर के पास दान करने की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को दान करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 24.08.2026 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202607140100045/ अ-21 (2)/2025-26
ग्राम- भानुप्रतापपुर, प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदक सुखविन्दर सिंह धुन्ने पिता स्व. महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वार्ड क्रमांक 13 नगर पंचायत भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर के द्वारा भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 145/10 रकबा 0.0040 हेक्टर परिवर्तित लगान 1675.00 रूपये की भूमि को अपने सगे पुत्र राहुल धुन्ने पिता सुखविन्दर धुन्ने निवासी नयापारा भानुप्रतापपुर वार्ड नंबर 13 नगर पंचायत भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर के पास दान करने की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को दान करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 24.08.2026 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

खबर संक्षेप

साइबर जागरूकता कार्यशाला, डिजिटल फ्रॉड से बचने दी गई जानकारी

पखांजुर। नगर में क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन की ओर से सामाजिक एवं आर्थिक विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को साइबर अपराध और डिजिटल फ्रॉड से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में एडिशनल एसपी राकेश कुर्रे ने महिलाओं को साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर सबसे अधिक धोखाधड़ी की जा रही है। साइबर ठग फोन कर बैंक खाता बंद होने या केवाईसी अपडेट कराने का झांसा देते हैं और ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर खाते से रकम निकाल लेते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान नंबर से आने वाले कॉल पर अपनी व्यक्तिगत, बैंकिंग या ओटीपी संबंधी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से भी बचना चाहिए। थाना प्रभारी तेज वर्मा ने महिलाओं को साइबर अपराध के अलावा अन्य अपराधों के प्रति भी जागरूक किया और अपने आसपास के लोगों को भी सतर्क करने की अपील की। कार्यशाला में फाउंडेशन के लाइजन ऑफिसर भूषण शर्मा, डिविजनल मैनेजर प्रसन्न मार्था, एरिया मैनेजर प्रज्वलित कुंजाम, ब्रांच मैनेजर राकेश बुरादे, असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर खोमेश साहू एवं सौरभ मिलिंद सहित टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशुमंदिर कोयलीबेड़ा में शाला समिति गठित, कम्लेश्वरी बनीं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कोयलीबेड़ा के सरस्वती शिशुमंदिर में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को गति देने के उद्देश्य से नई शाला समिति का गठन किया गया है। समिति में कम्लेश्वरी ठाकुर को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई टीम ने विद्यालय को गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, संस्कारयुक्त शिक्षा और सर्वांगीण विकास के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में सरस्वती शिशुमंदिर कोयलीबेड़ा में नई शाला समिति का गठन किया गया। विद्यालय के सुचारू संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से समिति में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। नई समिति की कमान श्रीमती कम्लेश्वरी ठाकुर को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। नवगठित शाला समिति में सतीश सहारे को उपाध्यक्ष, विष्णु वर्मा को संयोजक/सचिव, संतोषी कौशल को सह-संयोजक, यशवंत कतलाम को कोषाध्यक्ष तथा बबिता कौशल को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। समिति के सदस्यों में हेमंत उसेण्डी, कुंदन कुमार देवांगन, बसंत धुरवा, मिथलेश उसेण्डी, महेंद्र पटेल, जागेश्वरी रावटे, दुर्गा मरकाम, प्रमेश नेताम, मेहती यादव, धरणी नेताम एवं बिरेंद्र कौशल का चयन किया गया। शाला समिति के गठन के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंवर सिंह यादव सहित विद्यालय परिवार के सदस्य भारती सिन्हा, कानेश्वरी चुरेंद्र, केसरी कोसमा, कमला मंडावी, आंचल नाग, रितिका सहारे एवं गनपत यादव उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के साथ भाषायी रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास पर हुई चर्चा

कांकेर। पैराडाइज स्कूल में शनिवार को विशेष शिक्षक-पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नर्सरी से 12 वीं तक के विद्यार्थी अपने पालकों के साथ शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों के पीरियोडिक टेस्ट की प्रगति रिपोर्ट के साथ उनकी शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में विषय शिक्षकों ने विद्यार्थियों की पढ़ाई में प्रगति, भाषायी कौशल, गणित एवं विज्ञान विषयों की समझ तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़े पहलुओं की जानकारी पालकों को दी। इसके अलावा शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर, रोबोटिक्स एवं एआई, नैतिक शिक्षा, संगीत, नृत्य और कला के क्षेत्र में विद्यार्थियों की रुचि एवं सहभागिता पर भी चर्चा की गई। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि पैराडाइज स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को

आउटडोर एवं इनडोर खेल, मार्शल आर्ट, शास्त्रीय एवं पश्चिमी संगीत-नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा नैतिक शिक्षा जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सुदृढ़ व्यक्तित्व का निर्माण करना है। सम्मेलन में पालकों ने अपने बच्चों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की।

स्मार्ट मीटर व बिजली दरों का विरोध, कांग्रेस का बिजली साक्षरता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल और मंडल कोड़ेकुर्से के तत्वाधान में ग्राम कोंडरूंज में स्मार्ट मीटर एवं बढ़ती बिजली दरों को लेकर बिजली साक्षरता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर की व्यवस्था, बढ़ती बिजली दरों तथा

बिजली बिल से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी। साथ ही बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों, शासन की योजनाओं और बिजली से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से कहा कि बिजली बिल की नियमित जांच करें और किसी भी प्रकार की विसंगति या समस्या सामने आने पर संबंधित विभाग को इसकी जानकारी दें।

अभियान का उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली व्यवस्था से जुड़े विषयों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना बताया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी, जनपद अध्यक्ष गोपीचंद बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष सूकचंद प्रजापति, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सोमदेव कोरेटी, मंडल अध्यक्ष रसालू गावड़े सहित रघुनंदन गोस्वामी, राम गावड़े, सियाराम दर्रो, राजमन कोवाची, दीनदयाल पटेल, जयसिंह हिड़को, भोज उयके एवं कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

विश्व आदिवासी दिवस
सेवा जोहार
09 अगस्त 2026
सेवा जोहार
की समस्त क्षेत्रवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एक तीर एक कमान
सर्व आदिवासी एक सामान
आशाराम नेताम
विधायक - कांकेर विधानसभा क्षेत्र

विश्व आदिवासी दिवस
सेवा जोहार
09 अगस्त 2026
सेवा जोहार
की समस्त क्षेत्रवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एक तीर एक कमान
सर्व आदिवासी एक सामान
सावित्री मनोज मण्डावी
विधायक भानुप्रतापपुर

जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ
अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत को संजोने वाले
समस्त आदिवासी समाज को
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक बधाई
अंतागढ़ में आयोजित
विश्व आदिवासी दिवस
में शामिल हो रहे समाज के वरिष्ठजनों,
गायता, मांझी, एवं युवाओं को हार्दिक बधाई
मा. विक्रम देव उसेंडी
विधायक, अंतागढ़